ज्योति विसर्जन एवं दुर्गा विसर्जन स्थलों पर लाइट एवं सफाई व्यवस्था की जा रही है

भिलाईनगर। नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में विभिन्न मंदिर क्षेत्र में एवं अन्य जगहों पर जावरा भी रखा जाता है। जवारा विसर्जन के लिए तालाबों की साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने का आदेश आयुक्त हितेश पिस्ता ने दिए हैं। जिससे भक्तजन श्रद्धा पूर्वक ज्योति विसर्जन कर सकें। जिन तालाबों पर दुर्गा प्रतिमा प्रतिमाएं विसर्जित की जाती हैं वहां पर भी साफ सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए सभी जोन की कमिश्नर एवं जोन के स्वास्थ्य अधिकारी इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वैशाली नगर विधायक रीकेस सेन एवं महापौर नीरज पाल ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जवारा विसर्जन, दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करें। रावण दहन स्थल पर भी पूरी व्यवस्थाएं की जा रही है. नगर निगम भिलाई द्वारा सभी तालाबों पर साफ सफाई सुरक्षा एवं रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से वहां पर सुपरवाइजर नियुक्त रहेंगे। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के उन तालाब जहां पर पूर्व में जावरा या दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन होता था। वहीं पर स्थल बनाया गया है। सभी भक्ता वहां श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विसर्जन कर सकते हैं। नगर निगम भिलाई अपनी तरफ से व्यवस्था कर रहा है स्वच्छता का ध्यान सबको रखना है। कहीं पर भी इधर—उधर कचरा नहीं फेंकना है। कचरा डस्टबिन में ही डालें जो भी झिल्ली प्लास्टिक के समान है , उसे तालाबों में विसर्जित ना करें। क्योंकि वह सड़ते नहीं है तालाब को गंदा कर देते हैं। जिसका प्रभाव तालाब के जीव जंतुओं पर पड़ता है।